# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि 15 चैत्र, 1938 (श0) / 04 अप्रील, 2016 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 50**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | गृह विभाग | - - | 32 |
| (2) | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | - - | 03 |
| (3) | उद्योग विभाग | - - | 03 |
| (4) | वित्त विभाग | - - | 07 |
| (5) | सामान्य प्रशासन विभाग | - - | 01 |
| (6) | गन्ना उद्योग विभाग | - - | 02 |
| (7) | निगरानी विभाग | - - | 01 |
| (8) | सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग | - - | 01 |
| | | कुल योग — | 50 |

उपलब्ध कराना

'क'-*1754. श्री जिबेश कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जाले विधान-सभा अन्तर्गत जाले प्रखण्ड मुख्यालय में एक भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आग लगने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी जाले मुख्यालय से 45 कि0 मी0 दूर दरभंगा से आती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दरभंगा से आने में फायर ब्रिगेड की गाड़ी को 1 घंटा से भी अधिक का समय लगता है, तबतक सब कुछ जलकर राख हो जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कम-से-कम एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी जाले प्रखंड मुख्यालय में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्त पदों को भरना

'ख'-*1902. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में कुल 70 हजार आरक्षी बल है, जिसमें 4,320 अनुसूचित जाति एवं 1,120 अनु0 जन-जाति का आरक्षी बल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में अनुसूचित जाति के 16 प्रतिशत एवं अनुसूचित जन-जाति के एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति के 4,780 आरक्षी बल एवं अनुसूचित जन-जाति के 5,880 आरक्षी बल रिक्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विशेष अभियान चलाकर रोस्टर के अनुसार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2768. डॉ0 (मो0) जावेद--हिन्दी समाचार-पत्र के दिनांक 3 मार्च, 2016 को प्रकाशित "डकैती से भयभीत रिटायर्ड वायरलेस इंस्पेक्टर के पूरे परिवार ने छोड़ा घर" नामक शीर्षक के आधार पर क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी शरीफ के मोहसा गाँव के उस्मान नगर कॉलोनी निवासी रिटायर्ड वायरलेस इंस्पेक्टर नसीर अंसारी, के घर में दिनांक 6 फरवरी, 2016 को भीषण डकैती हुई जिसमें डकैतों ने 1.5 लाख नगद एवं लाखों का जेवर लूट कर ले गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डकैती के पश्चात् पूरा परिवार दहशत में है एवं पूरा परिवार ने घर छोड़ दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मामला की बरामदगी एवं उक्त परिवार को भय से मुक्ति कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 18 मार्च, 2016 को सदन द्वारा गृह विभाग को स्थानांतरित।

'ख'-दिनांक 21 मार्च, 2016 को सदन द्वारा स्थगित।

### सरकारी नौकरी देना

*2769. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बाढ़ प्रखंड के अथमलगोला थाना क्षेत्र में कमात गाँव के सामने दिनांक 16 जुलाई, 1999 को गंगा नदी में हुई नाव दुर्घटना में श्री रामचन्द्र सिंह, चन्देश्वर राय, शिवरतन राय, रविन्द्र राय सहित 24 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी थी, जिसमें प्रत्येक मृतक परिवारों को 50 हजार रुपये मिली है लेकिन तत्कालीन मा0 मुख्यमंत्री के घोषणानुसार प्रत्येक परिवार को सरकारी नौकरी नहीं दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, पटना के पत्रांक 1298, दिनांक 1 मार्च, 2000 द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को उक्त दुर्घटना में मृत के आश्रितों की नियुक्ति के संबंध में पत्र लिखा गया, परन्तु आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृत परिवार के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### कार्रवाई करना

*2770. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मुसरीघरारी से लूटा हुआ छह लदा ट्रक को चोर गिरोह द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर, 2015 को खगड़िया जिला के अलौली थाना के सामने अनु ट्रेडिंग के स्वामी द्वारा मना करने के बावजूद बगल के खाली जमीन पर अनलोड कर दिया गया, जिससे संबंधित अलौली थाना कांड 251/15 एवं मुसरीघरारी थाना कांड 131/15 दर्ज हुआ ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कांड में अनु ट्रेडिंग के मालिक उमेश कुमार को व्यक्तिगत स्वार्थ एवं राजनीतिक कारणों से थानाध्यक्ष, अलौली द्वारा मनगढ़न्त बयान एवं साजिश के तहत नामजद अभियुक्त बना दिया गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि उन पर पूर्व से कोई आरोप नहीं है, दुकान से कोई बरामदगी नहीं एवं लूटेरों से कभी कोई बातचीत नहीं हुई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अभियुक्तिकरण के बिन्दुओं की उच्चस्तरीय जाँच कराकर उक्त मुकदमों से श्री कुमार को मुक्त कर तत्कालीन थानाध्यक्ष पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### थाना में उत्क्रमित करना

*2771. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत जोगसर ओ0 पी0 को थाना में उत्क्रमित करने हेतु एस0 एस0 पी0 ने तीन साल पहले प्रस्ताव भेजा है, उक्त प्रस्ताव के आलोक में अभीतक जोगसर ओ0 पी0 थाना में उत्क्रमित नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार द्वारा अभीतक जोगसर को ओ0 पी0 से थाना में उत्क्रमित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

### कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2772. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के भोरहा एवं पचीरा गाँव में स्थित कब्रिस्तान की अबतक घेराबंदी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित गाँवों के कब्रिस्तान की कबतक घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिमा का निर्माण

*2773. डॉ० रंजू गीता--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के ग्राम-मधुरापुर में अमर शहीद रामफल मंडल जी का जन्म हुआ और कर्मभूमि भी रहा, उनको 1942 के स्वतंत्रता आन्दोलन में फाँसी दी गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाजपट्टी प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में उनकी स्मृति में आजतक आदम कद मूर्ति स्थापित नहीं की गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाजपट्टी प्रखंड कार्यालय में उनकी आदम कद प्रतिमा का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी पर कार्रवाई

*2774. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, निगरानी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कुँवर सिंह कॉलेज के प्रबंध समिति पर अनुदान वितरण में अनियमितता की जाँच हेतु विभागीय पत्रांक 924, दिनांक 18 मार्च, 2015 द्वारा निगरानी समिति का गठन किया गया, किन्तु समिति द्वारा उक्त कॉलेज की अनियमितता की जाँच अभीतक शुरू नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जाँच कार्य प्रारंभ कराते हुये दोषी पर कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

चोरों की गिरफ्तारी

*2775. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत चमेली प्रखंड में श्री श्री 108 ठाकुरबाड़ी मंदिर से करोड़ों रुपये कीमत की मूर्ति चोरी दो वर्ष पूर्व की गई, लेकिन अभीतक पता नहीं लग पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मूर्तियों की बरामदगी तथा मूर्ति चोरों की गिरफ्तारी कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2776. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत लखमपुर ग्राम पंचायत के डकरा इंगलिश कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सेवा शर्तों का निर्धारण

*2777. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के गृह रक्षा वाहिनी कर्मियों की सेवा शर्त का निर्धारण नहीं होने के कारण कर्मियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गृह रक्षा वाहिनी के कर्मियों को पुलिस कर्मियों की तरह सेवा शर्तों का निर्धारण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्ति

*2778. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियन्ता, तिरहुत नहर प्रमंडल, मोतिहारी ने अपने पत्रांक 264, दिनांक 23 मार्च, 2015 द्वारा राजपुर उप-लघु नहर के अतिक्रमणकारियों की सूची के साथ ग्रामीण नक्शा की छायाप्रति अनुमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी को भेजा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी द्वारा पुनः पत्रांक 341, दिनांक 28 अप्रैल, 2015 द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने हेतु स्मारित भी किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिक्रमण से मोतीझील में जल स्राव नहीं हो पा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमण से मुक्त करते हुये दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

योजना का लाभ

*2779. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार राज्य के गरीब बुनकरों के सहयोग हेतु बुनकर आवास-सह-कार्यशाला एवं क्रेडिट कार्ड देने की योजना वर्ष 2005-06 से चला रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारुण प्रखंड में गरीब बुनकरों को अभीतक आवास-सह-कार्यशाला एवं क्रेडिट कार्ड उपलब्ध नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवीनगर एवं बारुण प्रखंड के बुनकरों को उक्त योजना का लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। हस्तकरघा सहकारिता क्षेत्र के बुनकरों के सामान्य शत-प्रतिशत अनुदान पर कर्मशाला-सह-आवास की योजना वर्ष 2006-7 में राज्य योजनान्तर्गत चलाई गई। केन्द्र प्रायोजित बुनकर क्रेडिट कार्ड की योजना राज्य में वर्ष 2012-13 से कार्यान्वित है।

(2) कर्मशाला-सह-आवास योजना वर्ष 2006-7 के तहत लक्ष्य (दो) के विरुद्ध औरंगाबाद जिला अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में एक-एक (कुल दो) कर्मशाला-सह-आवास का निर्माण किया गया है। यह योजना वर्ष 2006-7 के लिये थी। वर्तमान में यह योजना कार्यान्वित नहीं है।

बुनकर क्रेडिट कार्ड योजना के तहत औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड के कुल 34 बुनकरों को प्रति बुनकर 20,000 हजार रुपया से लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2015-16 में नवीनगर प्रखंड के 17 बुनकरों से प्राप्त आवेदन को संबंधित बैंकों को भेजा गया है। बारुण प्रखंड के बुनकरों से आवेदन-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

(3) कंडिका (2) में स्पष्ट कर दी गई है।

चहारदीवारी का निर्माण

*2780. मो॰ नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर शहर के अन्तर्गत किला रोड पर अवस्थित पीर नफा शाह का मकबरा एवं कब्रिस्तान एवं शहीद शाह, कष्टहरणी घाट का मकबरा एवं कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की भूमि पर अविलंब चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2781. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 'बढ़ चला बिहार' अभियान के अन्तर्गत विजन डॉक्यूमेन्ट, 2025 बनाने का निर्णय 1 वर्ष पूर्व लेते हुये 20 मई, 2015 को नोएडा की एक कम्पनी सिटीजन्स एलायन्स प्रा॰ लि॰ को इसकी जिम्मेवारी सौंपी गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित कम्पनी को इसके लिये 40000 गाँवों में सुसज्जित प्रचार वाहनों से पर्यवेक्षकों व तकनीशियनों के साथ सभायें तथा विभिन्न कार्यक्रम करना था, जिसके लिये इस कम्पनी को प्रति सभा 2833 रुपया नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं कर्मी को क्रमशः 30000 एवं 11756 रु॰ प्रति माह भुगतान किया जाना था ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त एजेन्सी को उसके द्वारा बिना कोई सभा और कोई कार्यक्रम करवाये ही 13 करोड़ 21 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके लिये दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। अनुमोदित कार्य योजना एवं विशिष्टियों के अनुरूप जी॰पी॰एस॰ युक्त टाटा एस॰सी॰ ACE वाहन के द्वारा जन भागीदारी कार्यक्रम में आम सरोकार के मुद्दे एवं बिहार ब्रांडिंग के प्रति आमजनों के भागीदारी एवं लोगों को प्रोत्साहित, शिक्षित तथा उनकी समस्याओं के आधार पर Documents का निर्माण हेतु विभाग के सूचीबद्ध पी॰आर॰एजेन्सी में सिटीजन्स एलायन्स प्रा॰लि॰ नोएडा, (उत्तर प्रदेश) एवं जे॰डब्ल्यू॰टी॰ माईन्ड सेट प्रा॰ लि॰ हैदराबाद (Consortium) को विभाग द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया।

(2) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है, अनुमोदित कार्य योजना अनुसार कुल 38073 गाँव एवं 2000 हाट गाँव में कार्यक्रम के आयोजन पर होने वाले व्यय का दर प्रति आयोजन रु॰ 2833 निर्धारित है। कार्यक्रम के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला एवं प्रखंड स्तरीय टीम के सदस्यों का पारिश्रमिक दर क्रमशः 30000 रु॰, 11756 रु॰ प्रति माह के आधार पर निर्धारित किया गया। जनभागीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत वास्तविक रूप से किये गये कार्य के आधार पर जिला एवं प्रखंड स्तरीय टीम का भुगतान हुआ है।

(3) अस्वीकारात्मक है। जनभागीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत किये गये कार्य के सत्यापनोपरान्त जिला स्तर पर एजेन्सी को भुगतान हुआ है। अभीतक एजेन्सी को कुल 9,31,64,133 रु॰ इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भुगतान हुआ है।

(4) प्रश्न नहीं उठता है।

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2782. <u>श्री नन्द कुमार राय</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के पंचायत फतेहा के फतेहा कब्रिस्तान एवं गोपालपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी अभीतक नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिस चौकी स्थापित करना

*2783. <u>श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड के महादेव सिमरिया गाँव में पुलिस चौकी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में पुलिस चौकी नहीं रहने से दो समुदाय में हमेशा संघर्ष होता है एवं सिकन्दरा थाना से दूरी 13 किलोमीटर होने के कारण थाना प्रशासन को उक्त गाँव में पहुँचने में समय लगता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुलिस चौकी स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2784.<u>मो० नेमतुल्लाह</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखंड में हजरत याहया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह का मकबरा चार सौ वर्ष पुराना है एवं मकबरे के साथ एक बीघा कब्रिस्तान की भी भूमि है जिसकी घेराबंदी अभीतक नहीं हुई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

यंत्र उपलब्ध कराना

*2785. <u>श्री राघव शरण पाण्डेय</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा आग से बचाव हेतु प्रत्येक प्रखंड में एक अग्निशामक यंत्र रखने का निर्णय वर्ष 2012 में लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला में प्रखंड स्तर पर अग्निशामक यंत्र नहीं है, जबकि बगहा अनुमंडल में मात्र दो अग्निशामक यंत्र है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 10 मार्च, 2016 को बगहा वन क्षेत्र में तथा गाँवों में आगलगी की घटना होने पर अग्निशामक यंत्र की कमी के कारण समुचित बचाव नहीं किया जा सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बगहा नगर तथा जिले के प्रत्येक प्रखंड में अग्निशामक यंत्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## प्रोन्नत करना

*2786. श्री प्रकाश राम—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के आदेश संख्या 7099, दिनांक 1 अगस्त, 2011 द्वारा मैट्रिक उत्तीर्ण समूह ''घ'' के कर्मियों को प्रोन्नति देकर निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर पदस्थापित करने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आदेश के आलोक में अबतक सरकारी प्रेस गुलजारबाग, पटना में कार्यरत मैट्रिक उत्तीर्ण समूह ''घ'' के कर्मियों को प्रोन्नति देकर निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नत नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो खंड 2 में वर्णित कर्मियों को प्रोन्नति देकर निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुनः प्रभारी बनाने का औचित्य

*2787. श्री सरोज यादव—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत चरपोखरी थाना प्रभारी श्री कुंवर गुप्ता सहित 7 पुलिस पदाधिकारियों को कुमुद पटेल एवं प्रिंस बजरंगी छात्र नेताओं के साथ मार-पीट करने के कारण दिनांक 7 दिसम्बर, 2014 को निलंबित किया गया था, किन्तु उक्त दारोगा को पुनः एक माह में ही प्रभारी बना दिया गया, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

## बैंकों की शाखा खोलना

*2788. डॉ० रंजू गीता—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के रसलपुर एवं महिसौथा ग्रामों में किसी भी बैंक की शाखा नहीं है, जबकि इन गाँवों की आबादी 6 हजार से ज्यादा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर कबतक बैंकों की शाखा खुलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2789. श्री लाल बाबू राम—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा प्रखंड में मनोहरपट्टी एवं रूपनपट्टी में कब्रिस्तान की घेराबन्दी अभी तक नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2790. श्री अचमित ऋषिदेव—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के मिर्जापुर एवं बौंसी गाँवों में स्थित कब्रिस्तान की अबतक घेराबंदी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित गाँवों के कब्रिस्तान को कबतक घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## अतिक्रमण से मुक्ति

*2791. श्री विनय बिहारी—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण के योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत मच्छरगांवा बाजार स्थित सैरात की जमीन असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमित है, जिसका हर वर्ष डाक होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाजार को अतिक्रमण से मुक्त कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## ओ०पी० भवन बनाना

*2792. डॉ० रविन्द्र यादव—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखंड में भरतखंड ओ०पी० के लिये अकहा टोला के निकट एक एकड़ जमीन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा वर्ष 2015 में हस्तांतरित कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खाली जमीन हस्तांतरण के बाद भी ओ०पी० भवन का निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में यह ओ०पी० पंचायत भवन में अस्थायी रूप से चल रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन पर ओ०पी० भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुलिस ओ०पी० खोलना

*2793. श्री यदुवंश कुमार यादव—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किसनपुर प्रखंड का पाँच पंचायत पूर्णतः तथा चार पंचायत आंशिक रूप में दोनों कोसी तटबंध के अन्दर अवस्थित है तथा इसी भू-भाग के मध्य से एन०एच० 57 (सिलचर से पोरबन्दर) गुजरती है, जहाँ सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं रहने से घटित घटनाओं के त्वरित निष्पादन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार एन०एच० 57 पर ग्राम-आसनपुर कुपहा में अवस्थित टोल प्लाजा के निकट पुलिस ओ०पी० खोलने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बैंक की शाखा खोलना

*2794. श्रीमती समता देवी—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड के पतलुका गाँव में सरकारी बैंक की कोई शाखा नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पतलुका गाँव की आबादी 6 हजार से भी अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पतलुका गाँव में बैंक की शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2795. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिले के बड़हिया प्रखण्ड के पाली पंचायत में ग्राम-जैतपुर में विगत 30 वर्षों से किराये के मकान में थाना चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहाँ थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वंचित रखने का औचित्य

*2796. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान—क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 24 मार्च, 2015 को माननीय मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग की अध्यक्षता आहूत बैठक में गन्ना के 14 प्रभेदों सी०ओ० 98014, सीओ-0118, सी०ओ० 0238, सी०ओ० 0239, सी०ओ० 0232, सी०ओ०पी० 9301, सी०ओ०एल०के० 94184, सी०ओ०एस० 8432, सी०ओ०एस० 8436, सी०ओ०पी० 2061, सी०ओ०एस० 767, बी०ओ० 139, बी०ओ० 141 एवं बी०ओ० 153 के गन्ना बीजों पर सरकारी अनुदान/प्रोत्साहन का लाभ देने हेतु दिनांक 16 जुलाई, 2015 को विभागीय आदेश जारी किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि गन्ना प्रभेद सीओएस-8432, सीओएस-767, सीओपी-9302, बीओ-91, बीओ-143, बीओ-141, बीओ-137, बीओ-136, बीओ-148, सीओएलके-8102, सीओएस-91269, सीओएस-92423, सीओएम-95422,सीओपी-9206, सीओएस-8118, बीओ-188, सीओ-235, सीओ-9302 एवं बीओ-150 गन्ना प्रभेदों के बीजों पर राज्य सरकार द्वारा अनुदान/प्रोत्साहन के लाभ से 15 दिसम्बर, 2015 से वंचित कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो 19 प्रभेदों के बीजों को अनुदान/प्रोत्साहन से वंचित रखने का औचित्य क्या है ?

---

## ओ०पी० की पुनर्स्थापना

*2797. <u>श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"</u>—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कटेया थाना के अन्तर्गत आपराधिक घटनाओं की रोक-थाम हेतु [illegible] बाजार में एक ओ०पी० वर्ष 1998 में स्थापित की गयी थी, जिसे वर्ष 2008 में समाप्त कर दिये जाने से [illegible] बाजार सहित इर्द-गिर्द इलाकों में आपराधिक वारदातें बढ़ी हुई हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त बाजार में ओ०पी० की पुनर्स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## बैंक की शाखा खोलना

*2798. <u>श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी</u>—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकंदरा प्रखण्ड के गढ़ही पंचायत में सरकारी बैंक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि गढ़ही पंचायत की जनसंख्या दस हजार से अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गढ़ही में बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## नागरिक परिषद् का गठन

*2799. <u>श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह</u>—क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रतिवेदन वर्ष 2014-15 के अध्याय 3 के क्रम संख्या 3.6 पर अंकित "बिहार राज्य नागरिक परिषद्" का गठन राज्य स्तर, जिला स्तर तथा थाना स्तर पर करना है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिला स्तर पर तथा कल्याणपुर कोटवा, केसरिया, चकिया, पीपरा कोठी, [illegible] सहित अन्य थानों में नागरिक परिषद् का गठन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## मुआवजा देना

*2800. <u>श्रीमती सुनीता सिंह चौहान</u>— क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नक्सली या माओवादी घटना में मारे गए आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का सरकारी प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व० राजकुमार सिंह, पिता—श्यामानंद सिंह, ग्राम+पोस्ट—सोनाहट्टी की हत्या दिनांक 12 दिसम्बर, 2010 को माओवादी द्वारा कर दी गई, जिसकी प्राथमिकी संख्या 153/10 दर्ज की गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि आश्रित परिवार को अबतक मुआवजा की राशि नहीं दी गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## थाना स्थापित करना

*2801. <u>श्री बृज किशोर बिन्द</u>— क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत अधौरा प्रखंड नक्सल प्रभावित क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि गृह विभाग द्वारा वर्ष 2014–15 में स्वीकृति मिलने के बावजूद भी अधौरा प्रखंड के सारोदाग, आथन खोहरा ताला एवं कटरा में थाना का निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर थाना स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## प्रोसेसिंग यूनिट लगाना

*2802. <u>श्री मुजाहिद आलम</u>— क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में मक्का व अनानास से संबंधित फूड प्रोसेसिंग यूनिट नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार किशनगंज जिले में मक्का एवं अनानास से संबंधित फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरित करना

*2803. <u>श्री नन्द कुमार राय</u>-- क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय का अधिसूचना मोतीपुर पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय के नाम से हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि मोतीपुर पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय को वर्ष 1990 में अधिसूचित होने के बावजूद 5 वर्ष तक मोतीपुर प्रखंड में चला था, परन्तु उक्त कार्यालय वर्ष 1995 से अवैधानिक कांटी प्रखंड में चल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय को पुनः उसके अधिसूचित प्रखंड मोतीपुर में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्त पदों को भरना

*2804. <u>श्री मुजाहिद आलम</u>-- क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के विभिन्न प्रखंडों, अनुमंडलों एवं जिलों में उर्दू अनुवादक का 55 सहायक उर्दू अनुवादक का 96 एवं उर्दू टंकक का 143 पद रिक्त हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उर्दू अनुवादक, सहायक उर्दू अनुवादक एवं उर्दू टंकक के रिक्त पदों को कबतक भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2805. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>-- क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत [illegible] दियारा में साहेबगंज के अंचल पदाधिकारी और थानाध्यक्ष, मुफस्सिल की मदद से यहाँ के किसान [illegible] के द्वारा बोये गये फसल को लूट लिये जाने के कारण सीमा विवाद से तनाव की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त समस्या का समाधान हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*2806. <u>श्री समीर कुमार महासेठ</u>-- क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में गन्ना उद्योग विभाग ने चीनी मिलों के गन्ना किसानों को 15 प्रतिशत सूद के साथ बकाया भुगतान हेतु आवेदन की मांग की है;

(2) क्या यह बात सही है कि चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का 327 करोड़ रुपया बकाया है जिसमें मात्र 30 प्रतिशत ही बकाये का भुगतान किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार के चीनी मिलों पर गन्ना किसानों के बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उप-कारा का निर्माण

*2807. <u>श्रीमती लेशी सिंह</u>- क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के धमदाहा अनुमंडल में अनुमंडलीय न्यायालय के स्थापना पश्चात् उप-कारा का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार धमदाहा में अनुमंडल उप-कारा का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मासिक लक्ष्य के अनुरूप खर्च करना

*2808. <u>श्री नितिन नवीन</u>- क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 के राज्य योजना के 57,137 करोड़ रु० में से 31 दिसम्बर, 2015 तक मात्र 47 प्रतिशत राशि ही खर्च हो पायी है;

(2) क्या यह बात सही है कि 31 दिसम्बर, 2015 तक कब्रिस्तानों की घेराबन्दी तथा पुलिस आधुनिकीकरण योजनाओं का कार्यान्वयन करने वाला गृह विभाग ने मात्र 28.92 प्रतिशत अस्पतालों के आधुनिकीकरण और दवाई उपकरण जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने वाला स्वास्थ्य विभाग ने मात्र 38.79 प्रतिशत तथा ग्रामीण पेयजलापूर्ति, स्वच्छता और शौचालय निर्माण की जिम्मेवारी संभालने वाला लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने अपनी योजना का मात्र 36.39 प्रतिशत ही खर्च किया है;

(3) यदि उपर्युक्त उत्तर स्वीकारात्मक है, तो योजना राशि को मासिक लक्ष्य के अनुरूप खर्च नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*2809. <u>श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता</u>- क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोज भैली नामक चिट फंड कम्पनी बिहार में कार्यरत है, जिसका मुख्यालय साल्ट लेक स्ट्रीट पोर्टरेज बिल्डिंग, कोलकाता में है तथा इसका एक ब्रांच ऑफिस, अनिसाबाद, पटना बिहार में है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के लगभग एक लाख एजेंटों के द्वारा 30 लाख लाभार्थियों का रुपया इस चिट फंड कंपनी में जमा कराया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि रोज भैली चिट फंड कंपनी की अभी तक की सम्पत्ति 500 करोड़ है, जिसमें निवेशकों का पैसा जमा है, परन्तु निवेशकों के द्वारा अपना पैसा मांगे जाने पर उसे पैसा वापस नहीं किया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निवेशकों का पैसा वापस करने हेतु कंपनी के विरुद्ध कौन सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कब-तक, नहीं, तो क्यों ?

## बैंक की शाखा खोलना

*2810. <u>श्री सतीन्द्र प्रसाद सिंह</u> : क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने 5 हजार की आबादी पर राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पू0 चम्पारण जिला के कोटवा प्रखंड अन्तर्गत मरपटिया बाजार 10 हजार आबादी के बीच अवस्थित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरपटिया बाजार पर राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## अतिक्रमण से मुक्ति

*2811. <u>श्री विनय बिहारी</u> : क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत नवलपुर बाजार स्थित सैरात की जमीन को असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## समस्या का समाधान

*2812. <u>श्री रामदेव राय</u> : क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के पटना, मुंगेर, दरभंगा, भागलपुर, कोसी सहित सभी प्रमंडलों में लघु उद्योग एवं कुटीर उद्योग प्रायः बंद हो चुके हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उद्योग बंद होने से खादी एवं हैंडलूम कपड़ा बनाने वाले, टोकरी, रस्सी, पंखा, चटाई, मिट्टी एवं चीनी मूर्ति, मधुबनी पेंटिंग आदि धंधे में लगे बुनकरों, शिल्प कलाकारों एवं संबंधित दक्षता प्राप्त कारीगरों के सामने भुखमरी की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लघु उद्योग एवं कुटीर उद्योगों को बिहार में बहाल करते हुए उन दक्षता प्राप्त कारीगरों की समस्या का समाधान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2813. श्री राम विलास पासवान—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड में घोघा थाना एवं पीरपैंती प्रखंड के एकचारी थाना का भवन जर्जर होने के कारण पुलिस बल को प्रशासनिक कार्यों में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त थानों के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2814. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड संख्या 41 के कोसी घाट पथ में सघन आबादी के बीच एक कब्रिस्तान अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सघन आबादी के बीच कब्रिस्तान अवस्थित होने एवं सीमांकन स्पष्ट नहीं होने के कारण काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ओ॰पी॰ का भवन बनाना

*2815. श्री लाल बाबू राम—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा थाना के बरियारपुर ओ॰पी॰ का भवन नहीं रहने के कारण पुलिस कर्मियों को काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ओ॰पी॰ को अपना भवन नहीं होने से पुलिस कर्मियों के हथियार भी असुरक्षित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त ओ॰पी॰ का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 4 अप्रैल, 2016 (ई०)।

राजीव कुमार,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु० (एस०ए०), 205 –डी०टी०पी०—500—